दैनिक

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच


मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO.- 05086/21

वर्ष :- 02 अंक :- 216 मुरादाबाद 03 December 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## अखिलेश पर बरसे सीएम योगी, डिंपल को बताया बेचारी, कहा- मैनपुरी को समाजवाद नहीं, रामराज्य चाहिए



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मैनपुरी के क्रिश्चियन मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने समाजवादी पार्टी और सैफई परिवार पर तीखा प्रहार किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को मैनपुरी के क्रिश्चियन मैदान में जनसभा को संबोधित किया। उनके निशाने पर समाजवादी पार्टी और सैफई परिवार ही रहा। सीएम योगी ने कहा कि ये जेपी का समाजवाद नहीं है। लोहिया का समाजवाद भी नहीं। सैफई परिवार में समाजवाद के कई ब्रांड हैं। शिवपाल का समाजवाद, जिसकी लाठी उसकी भैंस यानी लठैत समाजवाद है। रामगोपाल यादव का समाजवाद पूंजीवाद में बदल गया है। अखिलेश यादव का समाजवाद अवसरवादी है। सीएम योगी ने कहा कि जब भी समाजवादी पार्टी चुनाव हारती है, बेचारी डिंपल को आगे कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में सैफई परिवार से मुक्ति पाने का अवसर है। मैनपुरी को समाजवादी नहीं रामराज्य चाहिए। सीएम योगी ने सभा में आए लोगों से भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य के समर्थन में वोट करने की अपील की।

### सपा बौखला गई है- योगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मैनपुरी की जनता का उत्साह देख समाजवादी पार्टी बौखला गई है। सपा जब भी चुनाव हारती है, बहाना बनाती है। कभी ईवीएम को तो कभी चुनाव आयोग को। कभी भाजपा के नेताओं को, कभी प्रशासन-पुलिस को दोषी ठहराकर बहाना ढूढ लेती है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के लोगों ने अपना विकास किया। अपने परिवार का विकास किया।

### बघेल बोले- मेरे सपने में आए मुलायम सिंह

मुख्यमंत्री योगी से पहले केंद्रीय राज्यमंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल ने जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मेरे सपने में मुलायम सिंह आए थे। उन्होंने कहा था कि तुमने और रघुराज ने मेरा अपमान उतना नहीं किया, जितना अखिलेश ने अध्यक्ष पद से हटाकर मेरा अपमान किया। भाजपा को जिताकर मेरे अपमान का बदला लेना।

## कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी, कहा- लटकाना, भटकाना कांग्रेस की आदत



अहमदाबाद, ऑनलाइन डेस्क। गुजरात में पांच दिसंबर को दूसरे चरण का मतदान होना है। कल यानी शनिवार को चुनाव प्रचार का आखिरी दिन है। ऐसे में भाजपा नेता अपनी पार्टी के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। पीएम मोदी भी तूफानी प्रचार में जुटे हैं। मोदी ने शुक्रवार को कांकरेज में एक जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी ने विपक्षी पार्टी कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

### लटकाना, भटकाना कांग्रेस की आदत- मोदी

मोदी ने कहा कि लटकाना और भटकाना कांग्रेस की आदत है। कांग्रेस का स्वभाव है कि वह कोई भी ऐसा काम नहीं करती जिसमें उसका अपना हित न दिखाई देता हो। मोदी ने आगे कहा कि भारत की गौ वंश की विरासत हमारी बहुत बड़ी ताकत है। विपरीत परिस्थितियों में भी हमारी कांकरेज की गाय ने अपना स्वभाव बदल लिया है

### पीएम मोदी की चार जनसभाएं

बता दें कि पीएम मोदी की गुजरात में चार जनसभाएं होनी थीं।

काकरेज के बाद वह पाटन, सोजित्रा और अहमदाबाद में जनसभा करेंगे। इससे पहले उन्होंने गुरुवार को राज्य में 54 किमी लंबा रोड शो किया था। कांकरेज में जनसभा से पहले मोदी ने एक मंदिर में पूजा-अचर्ना भी की।

## शिवपाल यादव- हम अखिलेश को पूरा जीवन दे सकते हैं, नेताजी के आदर्शों पर चलना है



हम अखिलेश को पूरा जीवन दे सकते हैं...हमें नेताजी के आदर्शों पर चलना है। यह बात शुक्रवार को इटावा जिले में जसंवतनगर क्षेत्र में चल रही जनसभा में शिवपाल यादव ने कही। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने कोई भी विकास का कार्य नहीं किया है। नेताजी के निधन के बाद यह पहला चुनाव है। प्रसपा अध्यक्ष ने कहा कि चुनाव के दौरान इस क्षेत्र में कभी भी झगड़ा नहीं हुआ है। कार्यकर्ताओं से बोले कि सभा आने वाले लोगों की गाड़ियों को सीओ और एसओ आने से रोक रहा था इनकी धमकी में मत आना। शिवपाल यादव ने विभिन्न मुद्दों पर भाजपा को आड़े हाथों लिया। शिवपाल बोले कि वोटर लिस्ट से नाम सैंकडों की संख्या में नाम काट दिए हैं। कोई भी वायदा पूरा नहीं किया। जनता में किसी का भी विश्वास नहीं जीता है। किसानों को बर्बाद कर दिया है। दो माह से नहरें सूखी पड़ी हैं। करोड़ों नौजवानों को नौकरी देने के वायदे पूरे नहीं किए हैं। 15 लाख के झूठे वायदे पर राज कर रहे हैं।

### जो समाज और गुरु का नहीं हुआ, किसका होगा

मैनपुरी लोकसभा चुनाव तय कर देगा डिंपल को इतने वोटों से जिताना कि भाजपा की जमानत जब्त हो जाए। भाजपा प्रत्याशी यदि सही शिष्य होता, तो पार्टी छोड़ता ही नहीं। साथ ही, जाने से पहले गुरु से आज्ञा लेकर जाता। जो समाज का नहीं हुआ, गुरु का नहीं हुआ...किसका होगा। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली या लखनऊ की सरकार हो जनता का कोई काम नहीं किया। किसी भी किसान को खाद नहीं मिली है और एक बोरी खाद 1800 रुपए में मिल रही है। पूरी रात गाय और सांड से फसलों को रखवाली नहीं मिल रही है। एसडीओ एक महीने में कई लाख रुपए की वसूली करता है। ये सरकार मुठ्ठी भर पूंजीपतियों की मदद कर रही है।

## आजम खां के खिलाफ एक और मुकदमा: चुनावी जनसभा में की अभद्र टिप्पणी

यूपी में समाजवादी पार्टी के कद्दवार नेता आजम खां की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही है। आजम खां के खिलाफ रामपुर के गंज थाने में एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। उन पर आरोप है कि रामपुर उपचुनाव में सपा प्रत्याशी आसिम रजा के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित करते हुए महिलाओं को लेकर अभद्र टिप्पणी की। साथ ही चुनाव आयोग पर भी सवाल उठाए। मिली जानकारी के मुताबिक गंज थाने में आजम खां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि शुतरखाना में आयोजित जनसभा में आजम खान ने महिलाओं को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की। सपा प्रत्याशी आसिम रजा के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान आजम खां



जमकर इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं। जनता के बीच जाकर उनसे अपने रिश्ते और जनता के लिए किये गये कामों को गिना रहे हैं। इसी कड़ी में एक जनसभा में आजम खान ने कहा कि जो आज तुम्हारे और हमारे साथ हुआ है, चार सरकारों में अगर मैंने ऐसा किया होता तो बच्चा मां की कोख से पैदा होने से पहले ये पूछता कि पूछ लो आजम खान से कि कोख से बाहर निकलना है या नहीं। मैं मुजरिम हूं और मुझसे गलती हुई है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से शिक्षा का जगाया अलख

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- कलेक्ट्रेट कार्यालय में स्कूल शिक्षा महानिदेशक, बालिका शिक्षा, समग्र शिक्षा अभियान द्वारा स्पेशनल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा विभाग, लखनऊ द्वारा भेजे गये नुक्कड़ नाटक दल एस0पी0 चौहान एण्ड पार्टी के कलाकारों द्वारा निपुण भारत मिशन के अन्तर्गत नई उजली सुबह से, एक नई दुनियां सजायेंगे, निपुण भारत बनायेंगे नाटक का मंचन किया गया। जिसका जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने हरी झण्डी दिखाकर शुभारम्भ किया। इस कार्यक्रम में निपुण क्या है? के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही आपरेशन कायाकल्प, दीक्षा ऐप, बालिका शिक्षा, डी0बी0टी0 योजना, स्मार्ट क्लासेज, समर्थ शिक्षा कार्यक्रम इत्यादि विषयों के बारे में विस्तारपूर्वक नाटक का मंचन करके जनसामान्य को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम का आयोजन जनपद के समस्त विकास खण्डों में चयनित ग्रामसभाओं में तिथिवार प्रस्तुत किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से समस्त ग्रामवासियों, अभिभावकों, महिलाओं तथा बच्चों को उ0प्र0 सरकार के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित किये जा रहे निपुण भारत कार्यक्रम की जानकारी नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति के साथ दी जाएगी। सरकार द्वारा शिक्षा के महत्व को समझते हुए शिक्षा समर्थ कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिसमें दिव्यांग बच्चों को भी शिक्षा के लिए विशेष व्यवस्थायें की गयी हैं। बच्चों को पूरी ड्रेस, जूता-मोजा, कापी-किताब के साथ स्कूल आना है, का भी आहवान किया गया। साथ ही साथ लोगों को शपथ भी दिलायी गयी कि कोई भी बच्चा पढ़ने से छूटने न पायें। कार्यक्रम के अन्त में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, लखनऊ द्वारा पंजीकृत कलाकार एस0पी0 चौहान द्वारा उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया गया। उपस्थित जनसमुदाय ने कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा एवं सराहना की। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी आर0पी0 चौधरी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अमिता सिंह, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ सहित कलेक्ट्रेट एवं बेसिक शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## युवक को शराब पिलाने के बाद उसे पीटकर मरणासन्न कर देने पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज की

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-हरदुआगंज। थाना क्षेत्र के गांव सरमस्तपुर निवासी बनवारीलाल ने बताया कि उसका भाई वीरपाल गांव में बुग्गी चलाकर परिवार पालता है। आरोप है कि बुधवार को गांव का जयप्रकाश भाई वीरपाल को बहलाकर साथ ले गया था। जिसे शराब पिलाकर बेहोश कर देने के बाद ईंट पत्थरों से जमकर पिटाई कर भाग गया। सर्द रात में लहूलुहान अवस्था में रातभर पड़ा रहा वीरपाल सुबह बेहोशी की हालत में मिला। पुलिस ने जिसे उपचार के लिए दीनदयाल अस्पताल भेजा, जहां से उसे मेडिकल रेफर कर दिया।

## भाभी से संबंधों की खातिर पत्नी की हत्या में पति को उम्रकैद

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ-अलीगढ़ के थाना टप्पल के गांव मिलक फतेहपुर में भाभी से अवैध संबंधों का विरोध करने पर गर्भवती पत्नी की हत्या करने के दोषी पति को उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। पांच वर्ष पुराने इस मुकदमे में एडीजे-3 राजेश भारद्वाज की अदालत से फैसला सुनाया गया है,अभियोजन अधिवक्ता एडीजीसी जेपी राजपूत के अनुसार घटना 1 दिसंबर 2017 की रात करीब दस बजे की है। 3 दिसंबर को टप्पल में मृत महिला कुसुम के पिता पलवल निवासी सुखवीर मल्लाह की ओर से मुकदमा दर्ज कराया गया।मुकदमे के अनुसार उन्होंने अपनी बेटी की शादी 10 मार्च 2008 को मिलक फतेहपुर के लालाराम संग की थी। शादी के बाद कुसुम को पता चला कि उसके पति के अपनी भाभी से संबंध हैं।इस बात का जब कुसुम ने विरोध शुरू किया तो उसके साथ मारपीट की जाने लगी। इसी क्रम में खुद कुसुम की ओर से 27 जुलाई 2013 को एक तहरीर अपने पति आदि के खिलाफ टप्पल थाने में व एक तहरीर 13 जून 2016 को पलवल थाने में दी गई। जिसमें खुद की जान को खतरा बताया गया। इसके अलावा पिता ने भी पुलिस से शिकायतें कीं और एक मर्तबा पंचायत भी हुई।जिसमें दोनों पक्षों में सुलह कराई गई। इस दौरान दंपति के दो बेटियां क्रमशः रोशनी 5 वर्ष व मानसी 3 वर्ष हुई। मगर लालाराम के भाभी से संबंध जारी रहे। घटना वाले दिन इसी विरोध के क्रम में जब वह बुर्जी से भूसा निकालने गई तो इसे दुर्घटना दिखाने के इरादे से वहीं मारपीट कर भूसे में दबा दिया। बाद में शोर मचा दिया कि भूसे में दबने से मौत हो गई

# बाढ़ से पीड़ित ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर किया याचिका

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती विकासखंड हरिहरपुररानी के अंतर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मणपुर कोठी राप्ती बैराज के निवासी सरयू नहर खंड 6 श्रावस्ती के पूरब सटा गांव बसा हुआ है जोकि बैराज का देखरेख सरयू नहर खंड 6 श्रावस्ती कर रहा है तथा बीते माह 8 अक्टूबर 2022 में जो बाढ़ आई इस बार में कई घरों का कटान राप्ती बैराज सरजू नहर खंड 6से श्रावस्ती के नदी से हुआ इस संबंध में ग्रामीणों ने उच्च न्यायालय इलाहाबाद हाई कोर्ट में याचिका दायर किया यह याचिका पृथ्वीराज द्वारा दायर किया गया जिसमें जनहित में उसको इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अधिवक्ता विद्वानों के सुनने के अनुसार आदेश जारी किया कि अधिवक्ता रामचंद्र द्विवेदी, अशोक कुमार पाठक, ने प्रतिवादी वकील सी एससी माननीय देवेंद्र कुमार उपाध्याय , माननीय सौरभ श्रीवास्तव , इस जनहित में किए गए प्रकरणों को पढ़कर मुकदमे बाजीयाचिका , कि गांव के निवासी हैं, लक्ष्मनपुर कोठी परगना और तहसील भिनगा जिला श्रावस्ती में बाढ़ के कारण होने वाली समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है राप्ती नदी विचाराधीन गांव राप्ती नदी के किनारे स्थित और जब याचिका में लगाए गए आरोप के अनुसार नदी में बाढ़ आ जाती है वही ग्रामीणों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है यहां तक कि आवासीय घरों की उम्र के रूप में निवासियों को कठिनाई होती है बाढ़ के पानी में डूबा हुआ याचिकाकर्ता के विद्वान अधिवक्ता का निवेदन है कि उपरोक्त द्वारा उपयुक्त स्थान पर पर्याप्त नदी पर बांध या बैराज का निर्माण करना नदी पर रहने वालों को आपदाओं से बचया जा सकता है बाढ़ के कारण उन्हें हर साल सामना करना पड़ता है उपरोक्त के मद्देनजर हम जिला अधिकारी को निर्देशित करते हैं कि श्रावस्ती उक्त मामले को राज्य सरकार के समक्ष उठाएगी सिंचाई विभाग और किसी अन्य विभाग में कुछ प्रभावी कदम विकसित करने के लिए चिंतित है ताकि निवासी स्थित गांव बार-बार होने वाली समस्या से बच सकते हैं और उन्हे हर साल बाढ़ की मार झेलनी पड़ती है उपरोक्त टिप्पणी और निर्देश के साथ याचिका का निस्तारण किया आदेश दिनांक 1/12 /2022 को आदेश पारित हुआ कि जिलाधिकारी करके सरकार को प्रेषित करे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 90 लीटर शराब के साथ छह गिरफ्तार

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-श्रावस्ती थाना कोतवाली भिनगा पुलिस द्वारा शिवम पुत्र गुरुचरण निवासी सेमरा थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती बरसाती पुत्र रामखेलावन निवासी गांधी नगर थाना कोतवाली भिनगा जनपद श्रावस्ती । राधे पुत्र स्व0 चुन्नी निवासी कुंदनपुर नौसहरा थाना को0भिनगा जनपद श्रावस्ती को क्रमशः 20-20-20 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना को0भिनगा पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।थाना इकौना पुलिस द्वारा दुखहरन पुत्र शुद्धी ,अनंत कुमार पुत्र नागेसर निवासीगण पश्चिमी केवटनपुरवा थाना इकौना जनपद श्रावस्ती को क्रमशः 10-10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों के विरुद्ध थाना इकौना पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। थाना मल्हीपुर पुलिस द्वारा रमेश सोनकर पुत्र गोकरन सोनकर निवासी मल्लापुरवा थाना मल्हीपुर जनपद श्रावस्ती को 10 लीटर नाजायज कच्ची शराब के साथ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना मल्हीपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

# प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु कटिबद्ध-योगी आदित्यनाथ

मुरादाबाद -उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मा0 श्री योगी आदित्यनाथ जी ने आज जनपद मुरादाबाद के आवास विकास मैदान बुद्धिविहार में प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने 424 करोड़ रुपये लागत की 30 विकास परियोजनाओं का लोकापर्ण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर प्रदेश के औद्योगिक विकास पर केन्द्रित लघु फिल्म ‘ग्लोबल इन्बेस्टर्स समिट-2023 तथा महिला सशक्तीकरण पर आधारित लघु फिल्म मिशन शक्ति प्रदर्शित की गयी। मुख्यमंत्री जी ने इस अवसर पर जनपद के प्रबुद्धजनों-उद्योगपतियों, व्यापारियों, चिकित्सकों, शिक्षकों, अधिवक्ताओं, व युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सेवा, सुरक्षा एवं सुशासन के लिए प्रतिबद्ध है तथा सरकार बिना किसी भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु कटिबद्ध है तथा सरकार जाति, मजहब, क्षेत्र, आदि से ऊपर उठकर सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ निरन्तर कार्यशील है। उन्होंने कहा कि विकास में अवरोध पैदा करने वाले तथ्यों के खिलाफ राज्य सरकार ने जीरो टालरेंस की नीति के साथ कार्य किया है तथा युवाओं के रोजगार एवं स्वावलंबन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि मुरादाबाद के पीतल कारीगरो ने अपने हुनर से वैश्विक मंच पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है। मुरादाबाद के कारीगरों को कोयले की भट्टी के स्थान पर गैस आधारित भट्टी उपलब्ध करायी जा रही है जोकि उनके बेहतर स्वास्थ्य एवं स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार बिना भेदभाव के समाज के सभी वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। प्रदेश सरकार ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अब तक 45 लाख आवास उपलब्ध कराए हैं। राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के लगभग 10 लाख आवास के वितरण की कार्यवाही कर रही है। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के 09 लाख पटरी व्यवसायियों को ब्याज मुक्त ऋण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। प्रदेश सरकार 02 करोड़ युवाओं को टैबलेट/स्मार्ट फोन उपलब्ध करा रही है। अब स्मार्ट सिटी के साथ-साथ यू0पी0 का यूथ भी स्मार्ट होगा। गरीबों के कल्याण के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं। गरीबों को



प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना द्वारा नि:शुल्क रसोई गैस, सौभाग्य योजना के अन्तर्गत नि:शुल्क विद्युत कनेक्शन, स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत नि:शुल्क शौचालय उपलब्ध कराए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य में सुदृढ़ कानून व्यवस्था एवं सुरक्षित माहौल विकसित किया है, जिसकी सर्वत्र सराहना हो रही है। उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था दंगामुक्त, कर्फ्यूमुक्त, आस्था का सम्मान करने वाली तथा प्रत्येक नागरिक को सुरक्षा की गारण्टी देने वाली बन चुकी है। 05 वर्ष पूर्व प्रदेश में गुण्डा, माफिया, अपराधी हावी थे। बहन-बेटियों का घर से निकलना दुश्वार था। प्रदेश में कोई निवेश नहीं करना चाहता था। आज कोई किसी के साथ जबरदस्ती नहीं कर सकता। प्रदेश सरकार ने अपने पहले दिन से प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि निवेश व रोजगार की पहली शर्त सुरक्षा होती है। डबल इंजन की सरकार ने सुरक्षा, विकास एवं निवेश का एक बेहतर वातावरण निर्मित किया है। केन्द्र व राज्य सरकार बुनियादी सुविधाओं को विकसित करने का कार्य कर रही हैं। मुरादाबाद स्मार्ट सिटी के रुप में विकसित हो रहा है जिसमें सभी आवश्यक नागरिक अवस्थापना सुविधायें शामिल रहेंगी। स्मार्ट सिटी में इण्टीग्रेटेड टैऊफिक मैनेजमेण्ट सिस्टम को सेफ सिटी के साथ जोड़ते हुए इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर के रूप में विकसित किया जा रहा है। आई0सी0सी0सी0 से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक गरीब को आवास, शौचालय, विद्युत कनेक्शन आदि की सुविधा प्रदान की जा रही है। स्ट्रीट वेण्डर्स को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना से जोड़ने में सफलता प्राप्त हुई है। विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाकर ‘ईज ऑफ लिविंग’ के लक्ष्य को प्राप्त करने में सफलता मिली है।मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं के रोजगार एवं स्वावलम्बन के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया है। विकास में अवरोध पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ राज्य सरकार ने जीरो टॉलरेन्स की नीति के साथ कार्य किया है। राज्य सरकार माफियाओं की सम्पत्ति को जब्त करके उस स्थान पर गरीबों के लिए आवास बनाने का कार्य कर रही है। तेजी के साथ सरकार का यह अभियान आगे बढ़ा है। किसी माफिया,अपराधी ने गरीब, व्यापारी, आम नागरिक की सम्पत्ति या सार्वजनिक सम्पत्ति पर कब्जा किया है तो उस सम्पत्ति को खाली कराया जाएगा। साथ ही, उस माफिया की अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति को जब्त करके वहां पर गरीबों, अधिवक्ताओं, चिकित्सकों, शिक्षकों के लिए आवासीय सुविधाओं का विकास किया जाएगा।प्रा0 विद्यालय बहेडोवाला में दिव्यांग व बाल, बालिका शौचालय व मूत्राशय व फर्श व बाउन्ड्री निर्माण व मरम्मत का कार्य (लागत 0.37 करोड), वार्ड नं0 1 व 2 में संजय चैहान के मकान से संजीव यादव के मकान तक एवं विक्रम यादव के मकान तक इंटरलाकिंग सड़क व नाली निर्माण कार्य (लागत 0.2407), वार्ड नं0 13 (नसीराबाद) में कांठ-अमरोहा मार्ग से इंतेजार के मकान तक इंटरलाकिंग रोड आंशिक नाली निर्माण कार्य (लागत 0.287 करोड़), हाईटेक नर्सरी सीडलिंग प्रोडक्सन इकाई (मिनी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबिल) (लागत 0.7960 करोड), अगवानपुर - हकीमपुर-मौढ़ा मार्ग के कि0मी0 1 एवं 2 (200) (शेरुआ चैराहे से अगवानपुर बस्ती तक) अ0जि0मा0 के चैडीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य (लागत 2.12 करोड), टिहरी - मुरादाबाद मार्ग के कि0मी0 381 से गूंगा नगला मिसिंग लिंक (लागत 1.56 करोड़) वार्ड नं 12 में निकाय के कार्यालय की स्थापना (लागत 2.2147 करोड़), जनपद मुरादाबाद के रेल सम्पार संख्या 418 एवं 1 सी पर रेल उपरिगामी सेतु (सोनकपुर रेल उपरिगामी सेतु) का निर्माण (लागत 106.54 करोड), एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) सामान्य सुविधा केन्द्र एन0वी0एस0 मेटल फाउंडेशन, ग्राम नहटौरा तहसील ठाकुरद्वारा (लागत 9.9413), विकास खण्ड बिलारी के ग्राम हाजीपुर में वृहद गौ संरक्षण का निर्माण (लागत 1.20 करोड़), कुन्दनपुर से जी0जी0आई0सी0 रोड पर श्रीनगर कालोनी में राजेश गौतम के मकान से जी0जी0आई0सी0 मुख्य मार्ग तक सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य (लागत 0.68 करोड), वार्ड नं0 36 सूरजनगर में श्री भीमसेन के मकान से श्रीमती रेखा वर्मा के मकान तक सी0सी0 सडक व नाली निर्माण कार्य (लागत 0.18 करोड), नया मुरादाबाद योजना में जोनल मार्गो एवं नालों का निर्माण कार्य (लागत 6.41 करोड), रामगंगा विहार कालोनी स्थित गोयल मार्ट/अरण्या सिग्नेचर से गोल्ड जिम बिल्डिंग/पी एस ग्रीन तक आनन्दम सिटी के सामने सड़क के सुदृढ़ीकरण का कार्य (लागत 2.12 करोड), ग्राम ढक्का में राजकीय कन्या इंटर कालेज से पी0एम0ए0वाई0 आवासों तक सड़क के सुदृढीकरण /मरम्मत का कार्य (लागत 1.52 करोड), मुरादाबाद नगर में ग्राम लाकडी फाजलपुर के विभिन्न भागों में सड़कों एवं नाला निर्माण कार्य (लागत 1.22 करोड), कांठ रोड से दिल्ली रोड को जोडने वाली 24 मीटर चैडी महायोजना मार्ग पर निर्मित 04 लेन उपरिगामी सेतु के पहुंच मार्ग का निर्माण/सुदृढीकरण का कार्य (लागत 1.05 करोड) है। मा0 मुख्यमंत्री द्वारा मुरादाबाद की जिन परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया, उनमें 24वीं वाहिनीं पी0ए0सी0 मुरादाबाद टाईप -बी (प्रथम) बहुमंजिला 2 ब्लाक 40 आवास (जी प्लस 4) (लागत 15.91 करोड), कान्हा गौशाला एवं बेसहारा पशुआश्रय योजना के अन्तर्गत कान्हा गौशाला स्थापना का कार्य (लागत 2.08 करोड), जनपद मुरादाबाद में खाईखेडा से पानूवाला वाया ख्वाजापुर धन्तला जब्दी नदी पर लघु सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य निर्माण (लागत 6.05 करोड), जनपद मुरादाबाद में ग्राम धर्मपुर से मजरा चकझीम के मध्य स्थित बहाल्ला नदी पर लघु सेतु पहुंच मार्ग, अतिरिक्त पहुंच मार्ग एवं सुरक्षात्मक कार्य के निर्माण कार्य (लागत 4.53 करोड), नया मुरादाबाद योजना में दिल्ली रोड के समान्तर जोनल मार्गो एवं नालों का निर्माण कार्य (लागत 11.47 करोड), मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के अन्तर्गत शैक्षिक सह आवासीय भवन का निर्माण कार्य (लागत 4.15 करोड) एवं मुरादाबाद महायोजना के औद्योगिक क्षेत्र में विजन एक्सपोर्ट एवं सम्भल रोड लिंक मार्ग के पास सड़कों का निर्माण कार्य (लागत 2.83 करोड) हैं। इस अवसर पर मा0 मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत श्रीमती मीना कुमारी एवं श्रीमती मनीषा को सीसीएल चैक, बाल विकास योजनार्न्तगत श्रीमती पूजा को अन्नप्रासन्न, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अर्न्तगत श्रीमती सरिता देवी को आवास चाबी, बेसिक शिक्षा विभाग के अर्न्तगत श्री यश कुमार को दिव्यांग एजूकेशन किट, माध्यमिक शिक्षा विभाग के अर्न्तगत कु0 शिवानी को स्मार्ट फोन, उद्यान विभाग के अर्न्तगत कृषक भाई सतवीर को रेनगन, उद्योग विभाग के अर्न्तगत बरखा ढल को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना तथा जिला नगरीय विकास अभिकरण के अर्न्तगत श्री राहुल सैनी को प्रतीकात्मक रुप से स्वनिधि प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

# संपादकीय Editorial

## From 'Untouchable' to 'Ravana'

New Congress President Mallikarjun Kharge has compared Prime Minister Modi to a '100-faced Ravan' and expressed his old pain of being an 'untouchable'. This Ravana is political, so he is 100 faced. Both these metaphors and comparisons are irrelevant and futile in the electoral context. Congress has been using abusive words for Prime Minister Modi. Now this tradition has become old. There have been three Congress presidents since 1998 and all three have used abusive words for the Prime Minister. In fact, in any format of the leader, Modi has been a symbol of Congress hatred. After the 2002 Godhra carnage and then the communal riots in Gujarat, the metaphors against Modi have become hateful and dense. However, Prime Minister Modi has been declared 'innocent' and 'conspiracy-free' by all the commissions of inquiry and finally at the level of the Supreme Court. However, let's leave this chapter of abuses here, because we have analyzed it many times. Since the first phase of polling is being held in Gujarat today, December 1, Congress President Kharge's analysis of the 'pain of being a Dalit' is important. Of course, Kharge is a Dalit by birth and caste, but he has never been an 'untouchable' in his political career of more than 50 years.He was elected MLA for Karnataka Legislative Assembly 8-9 times. Decorated a very important post like Home Minister in the Government of Karnataka. Lok Sabha MP was elected from Karnataka itself and also became the Leader of Opposition in the House. Even today he is a Rajya Sabha MP and after being elected Speaker, he had announced to leave the post of Leader of Opposition. Mallikarjun Kharge was also a Union Minister in the Congress-led UPA government. Can any politician or person remain 'untouchable' while living public life on so many constitutional posts? In fact, Kharge had said while addressing an election public meeting in Gujarat - 'Prime Minister Modi keeps calling himself poor. Arey, we are the poorest of the poor, the untouchables. People used to drink Modi's tea, but no one drinks my tea either.' This statement of Kharge is far beyond exaggeration and reality. Undoubtedly, Kharge must have seen and faced the environment of Dalits being considered as 'untouchables'. He was born during the Nizamshahi of Karnataka. That is, there was Muslim rule in the state. The country was also a slave. His house was burnt down in the same period in which his mother had tragically died. The current question is, can any comparison be made between the environment of 80 years ago and today in 2022? Can Kharge's 'untouchable' statement be accepted today? After the country's independence, in the midst of democracy, after continuous implementation of reservation laws and special laws for Dalits, can anyone give a realistic feeling of being an 'untouchable'? Not at all, because saying untouchable is now a crime by law. He is punished. Of course there can be an exception. Crimes are also exceptions. Is it possible that in Kharge's long political and public life, any upper caste face has deliberately refused to have tea with him? Yes, if this happens within the Congress itself, then he is the president now and order the removal of this untouchable tradition. There is a big possibility that he has done the politics of playing the 'Dalit card' in the Gujarat elections. Dalits, Muslims, Adivasis and Kshatriyas were the definite vote-banks of the Congress in Gujarat. That vote-bank cannot be revived through the politics of 'Achhut' versus 'Raavan'.

# Music of Hindustani Sargam again in Hindi cinema, Amit Trivedi's music became the real hero of the film

Kuputro jayate, mata kumata na bhavati, in a country that believes in 'Kala', the story of a mother who is in love with a singer picked up from a gurudwara more than her real daughter. Netflix is ??really getting Indian. A bit scared, a bit scared. Netflix, which used to show the worst movies a week before its release, now keeps its best movies close to its chest till the day of release. Being afraid in the field of art is a sign of good days. This fear remains within every artist regarding his new artwork. What is called 'Butterflies in Stomach' in English and also called Narbhasana in Hindi, Netflix seems to be in the same condition. But, his selection of stories is getting better here. 'Kala' immediately followed by 'Monica o my darling'. One more such movie which can be really enjoyed watching as well as listening in the cinema hall only.



Nevertheless, if you watch this movie on your Smart TV with a good music system, then the passing year will become a bit more cinematic. Art film is a strong knock of Hindi films coming back to 'Cinema' and it is also a knock of the fact that if the big producers of Hindi films give a free hand to Amit Trivedi, then he can still pull the audience to the theaters only on the basis of his songs. Can bring up to Story of Bapu's visit to Solan-The English reviews of the film 'Kala' must have come a little earlier because they didn't get the film on the day of its release with the embargo of 12:00 till 1:30. In Hindi cinema, the arts of Hindi are still stuck in Krishna Paksha. Then 'art' is also of that time when everything would have been done in English only. Newspapers are also seen in the film in English only. Bapu would have been mentioned in Solan. The woman who took Indira's photo belongs to the photographer. The half-built Howrah Bridge is visible. That is, the story does not go back much further than the country getting independence. But it is similar to the pain of partition. The partition of the earth had not happened then. Cinema was still shining in Lahore and Calcutta. A mother is expecting twins. The doctor puts the daughter in her hand because the daughter took more part of the nutrition in the womb, so the son could not survive. I don't know whether the mother tried to strangle the daughter with a pillow or I was the only one to have such a delusion, but this pillow remains adjacent to the nose of the daughter throughout the film. In a believing country, the film 'Kala' is the story of a mother who is more in love with the singer picked up from the gurudwara than her real daughter. And, so much love that he is ready to pose in front of Chandan Lal Sanyal, a famous singer of that time, to get him a chance in films. According to her expectation, she could not learn singing from her mother, she learns this art of getting a chance. get a chance. He gets fame and when he reaches the heights of fame, he remembers the singer whose chance he had cheated once. After this, the film 'Kala' starts from where Kala falls in his eyes. Moving back and forth through the periods of time, this film does not let go of itself once you start watching it. Arts behind cinema music - The film 'Kala' is a moon completed by passing through many arts. The name of the lyricist seen in this is Majrooh. He says, 'Daur badlega, daur ki yeh purani aadat hai. the name of giving her a chance. The first lesson given to the singer by her mother in her childhood was that one should sound Pandit before the name, not Bai after. According to the learned trend of the age, that daughter also reaches there when snatching the autograph book from the hand of the one who considers himself a starmaker, the public runs towards the new rising star. 'Kala' is also a story of acrobatics in cinema. And, 'Kala' is also the best hallmark of every art that is necessary in making cinema.Anvita Dutt Champion Again!-Anvita Dutt's writing and direction art is another great example after 'Bulbul'. At number two is the art of Amit Trivedi. The Art of Music Direction. After 'Bandish Bandits' on OTT, if any series or film has brought alive Hindustani music, then it is the film 'Kala'. A must watch movie for those who kill their curiosity of watching a good movie by showing songs like 'Jeda Nasha' and 'Aap Jaisa Koi Meri Zindagi Mein Aaye'. I bet you only have this song on your music system on Sunday mornings. Neighbors would come to ask, brother, where is this song, from a film or an album? Especially 'Hans Akela...!' Kabir's Nirgun can be used so well in a film only by a lyricist-turned-filmmaker artist. Written by Amitabh Bhattacharya and sung by Shirisha Bhavgatula, 'Kaahe Saiya Ghode Pe Yun Sawar Hain..' is the second best film song of the year after 'Saath Hum Rahein'.

# सामाजिक सदभाव पंचकोसी परिक्रमा कार्यक्रम की तैयारी

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-4 दिसम्बर को सुबह 9 बजे एटा शहर से सोरों जी के लिए पंचकोशिय परिक्रमा यात्रा का सुभारम्भ होगा इसी उपलक्ष मे आज सरस्वती शिशु मंदिर एटा मे रोटरी क्लब व् विश्व हिन्दू परिषद ने एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। वार्ता मे रोटरी क्लब के अध्यक्ष एबं लोकमान्य दास पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर स्वागत पचौरी ने वताया कि ये परिक्रमा यात्रा सामजिक सदभाव एबं पूर्णतः धार्मिक आस्था को लेकर हैं,साथ ही इस पंचकोसी यात्रा के जरिये हम सोरों जी को भव्य पर्यटन स्थल रूप मे उभारना भी हमारा उदेश्य हैं। उन्होंने वताया जितने भी हिन्दू संघठन एबं समजसेवी संस्थाये जो एटा मे क्रिया शील हैं सभी इस यात्रा मे शमिल होंगी। लगभग 12 हजार लोग एटा से इस यात्रा मे शमिल होंगे। अधिकांश लोग अपने वाहन से सोरों जी के लिए प्रस्थान करेंगे ओर जो व्यक्ति अपने वाहन नहीं जा सकते उन के लिए सामजिक संस्थान बसों की व्यवस्था करेंगी। बसें 4 दिसम्बर को कई वार्डो एबं सरस्वती शिशु मंदिर मे उपलब्ध रहेगी ओर बसों मे जाने का किसी भी व्यक्ति से कोई किराया नहीं लिया जायगा। भोजन की व्यबस्था यात्रियों की अपनी होंगी। विश्व हिन्दू महासंघ की महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष निशा चौहान ने वताया कि -इस यात्रा के जरिये हम भगबान वराह के प्रति आस्था भी प्रकट करेंगे। निशा चौहान महिलाओ को एकत्र कर पंचकोसी यात्रा मे सम्लित कराने का दायित्व भी निभाएगी। प्रोत्साहन के लिए निकलेगी जन जागरण यात्रा -विश्व हिन्दू परिषद के द्वारा यात्रा से सम्बंधित एक जन - जागरण रैली का भी 3 दिसम्बर को आयोजन किया जायगा, जिसमे शहर के लोगों के यात्रा के प्रति जागरूप एबं प्रोत्साहित किया जायेगा। जन - जागरण यात्रा संभवतः मोटर बाईक पर निकलेंगी। एक प्रश्न के उत्तर मे वार्ता मे वताया गया इस यात्रा का चुनाब या राजनीती से कोई सम्बन्ध नहीं हैं, ये विशुद्ध धार्मिक एवं सामाजिक यात्रा हैं। विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा विभागाध्यक्ष अरविंद सिंह चौहान इस यात्रा का नेतृत्व करेंगे। इस अबसर पर स्वागत पचौरी,नीरज गुप्ता, डॉ. अमन चौहान,किरण उपाध्याय,गौरी दुवे प्रदेश मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद,डॉ नीतीश गुप्ता, तनु दुबेदी, अनुज प्रताप सिहं, नीरज गुप्ता आदि हिंदू संगठन एवं रोटरी क्लब के लोग उपस्थित रहे।

# सरस्वती शिशु मंदिर रेलवे रोड एटा पर आज अभिभावक विचार गोष्ठी का आयोजन किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-इस अभिभावक विचार गोष्ठी में विद्यालय में लागू की गई मोबाईल एप के बारे में विस्तार से बताया गया व चर्चा कि गई । मोबाईल एप के बारे में बताते हुए प्रबंधक श्री अरविन्द कुमार अग्रवाल ने कहा कि उक्त एप में सभी अभिभावक अपने- अपने पाल्य की गतिविधियों के बारे में जानकारी ले सकते हैं, जैसे- शिशु की उपस्थिति, गृह कार्य, विद्यालय की सूचनाए,विद्यालय में होने वाले कार्यक्रमों के फोटोज के साथ साथ शिशु की फीस भी ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। मोबाईल एप के बारे में राहुल जैन सर ने पी.पी.टी के माध्यम से सभी को समझाया । प्रधानाचार्य श्री सुनील कुमार सिंह ने सभी आगंतुक अभिभावकों व अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए सभी से सुझाव व सभी कि समस्याएं सुनी। इस अवसर पर विद्यालय अध्यक्ष श्री दिनेशपाल सिंह, सह व्यवस्थापक श्री विजय जैन, आशुतोष मिश्र सहित समस्त स्टाफ उपस्थित था ।

# दो पक्षों के मध्य ट्रैक्टर की जुताई को लेकर विवाद में. एक वृद्ध की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-एटा जनपद के थाना राजा का रामपुर के अंतर्गत. ग्राम ताजपुर में दो पक्षों के मध्य ट्रैक्टर की जुताई को लेकर विवाद में. एक वृद्ध. रामसेवक की ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या कर दी गई. इसके बाद दोनों पक्षों में से एक पक्ष ब्राह्मण है दूसरा कश्यप है. कश्यप अक्षित घर जाकर ब्राह्मण पक्ष के लोगों ने आगजनी तथा मारपीट का प्रयास किया. घटना की सूचना मिलते ही. मौके पर पुलिस बल पहुंचा. और सब को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा घटना के बाद. गांव में. तारापुर शांति बनी हुई है. घटना की जानकारी देते हुए. एसपी अपराध विनोद कुमार. केएमएलएस लाइव को बताया. कि थाना क्षेत्र के ग्राम ताजपुर में आज सुबह. अनिल कुमार और अश्वनी के बीच में ट्रैक्टर की जुताई के विवाद को लेकर. कहासुनी हुई तभी. ट्रैक्टर स्वामी अश्वनी ट्रैक्टर लेकर जा रहा था और इसी बीच रास्ते में अनिल कुमार के पिता. रामसेवक आ गए और. अश्वनी ने उर्दू पर ट्रैक्टर चला दिया. उनकी घटनास्थल पर मौत हो गई मृत्यु के बाद वह ट्रैक्टर से फरार हो गया. उसके बाद अनिल कुमार के पक्ष के लोगों ने अश्वनी के घर पहुंच कर तोड़फोड़ एवं अज्ञानी का प्रयास किया. इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. और सब अपने कब्जे में लेकर. पोस्टमार्टम के लिए मुख्यालय भेजा. घटना का नाम दर्ज अभियोग दर्ज कराया गया है. पुलिस ने शव का परीक्षण करा. अभियुक्तों की गिरफ्तारी का प्रयास तेज कर दिया है. गांव में पुलिस बल तैनात है एवं शांति बनी हुई है एटा से निशा कांत शर्मा की रिपोट.

## विवाद एटा में किसान की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जुताई के रुपये न देने पर ट्रैक्टर चालक ने खेत में किसान पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसकी हत्या कर दी। उधर, आक्रोशित भीड़ ने मुख्य आरोपी का घर फूंक दिया। हत्याकांड के बाद चार घंटे तक राजा का रामपुर और अलीगंज पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही, जिसे लेखपाल ने सुलझाया। अंत में राजा का रामपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मुख्य आरोपी ट्रैक्टर चालक को हिरासत में लिया है।विवाद के बाद अश्वनी के साथी राहुल व आशीष ने रामसेवक पर हमला कर दिया। बाद में अश्वनी ने रामसेवक को ट्रैक्टर से कुचल दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने आरोपी अश्वनी के घर में आग लगा दी। मृतक के पुत्र अनिल ने अश्वनी, राहुल व आशीष पर केस दर्ज कराया है।

# भूख हड़ताल को सीएमओ, उप जिलाधिकारी जलेसर ने सर्वसम्मति से कराया समाप्त



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 यू0के0 त्रिपाठी ने गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद अवागढ़ पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारियों द्वारा किए जा रहे धरना प्रदर्शन एवं हड़ताल को सर्वसम्मति से समाप्त कराया। भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारियों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अवागढ़ की चिकित्सीय सुविधाएं सीएचसी पर स्थानांतरित होने के विरोध में पीएचसी अवागढ़ पर धरना प्रदर्शन एवं भूख हड़ताल की जा रही थी। सीएमओ ने उप जिलाधिकारी जलेसर राम नयन के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर भारतीय किसान यूनियन किसान के पदाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने यूनियन के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अवागढ़ पर प्रतिदिन ओपीडी सेवाओं के साथ-साथ प्राथमिक उपचार, बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं का प्रसव, प्रसव पूर्व एवं प्रसव पश्चात सेवाएं निशुल्क प्रदान की जाएंगी। उक्त आश्वासन के साथ भूख हड़ताल एवं धरना सर्वसम्मति से समाप्त कराया गया।

# विश्व एड्स दिवस पर जिला कारागार मे मनाया गया कार्यक्रम

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- जिला कारागार एटा में विश्व एड्स दिवस पर एक जागरूकता कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में जेल अधीक्षक अमित चौधरी ने एड्स फैलने के कारण और बचाव के बारे में विस्तार से बताया। कारागार चिकित्साधिकारी उत्सव जैन,यू.पी.एन.पी से कंचन राजपूत ने भी बंदियों को जागरूक किया। इसके अतिरिक्त एड्स की जागरूकता के संबंध में बंदियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता हुई -जिसमें बंदी राहुल प्रथम,बिट्टू द्वितीय,वीरेंद्र ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजयी प्रतिभागियों को जेल अधीक्षक अमित चौधरी एबं जेलर राजेश सचान ने पुरुष्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन डिप्टी जेलर ऋत्विक प्रियदर्शी द्वारा किया गया।

## कलेक्टर ने स्कूल, आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, धान खरीदी केंद्र एवं रबी फसल का किया निरीक्षण

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज गौरेला विकासखंड के विभिन्न स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य केंद्र, धान खरीदी केंद्र एवं रबी फसल का निरीक्षण किया। उन्होने प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला हरिपुर का निरीक्षण कर बच्चों एवं शिक्षकों की उपस्थिति तथा बच्चों की पढ़ाई-लिखाई एवं ईजीएल गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होने बच्चों के बीच बैठकर ईजीएल कार्यक्रम के तहत बच्चों से विभिन्न शब्दों का उच्चारण कराकर मात्रा, ध्वनि, स्वर, व्यंजन से भाषा ज्ञान की जांच की। उन्होने शाला परिसर



का सीमांकन कराकर कबजा हटाने एवं मनरेगा मद से बाउंड्रवाल कराने तथा बिजली विभाग से बात कर विद्युत पोल को अन्यत्र शिफ्ट कराने के निर्देश खंड शिक्षा अधिकारी को दिए। कलेक्टर ने अरपा नाला और मलनिया नदी का स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों खासकर स्कूली बच्चों की आवागमन सुविधा के लिए बनझोरका पंचायत के आश्रित ग्राम हरिपुर और बरिहाडांड मुहल्ला के बीच अरपा नाला पर रपटा बनाने तथा खोड्री बस्ती से सिद्धबाबा आश्रम के रास्ते पर मलनिया नदी पर रपटा निर्माण के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए।ई आदि का अवलोकन किया। उन्होने मौके पर उपस्थित जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ी परिसर में कटहल, मुनगा, पपीता आदि के पेड़ लगाने तथा सरपंच एवं सचिव को हर सप्ताह बच्चों को पूरक पोषण-आहार के रूप अंडा, केला, खीर-पुड़ी खिलाने को कहा। कलेक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोड्री में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित उपिस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, प्रसव कक्ष, साफ-सफाई आदि का निरीक्षण किया।

## जीवित महिला को ग्राम पंचायत में फर्जी ग्राम पंचायत प्रस्ताव सरपंच एवं सचिव के द्वारा बनाकर जमीन को हड़प लिया गया

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर जिले में इन दिनों जमीन दलाल सक्रिय हैं,, मिली जानकारी के अनुसार लटूरी तहसील के अंतर्गत ग्राम पंचायत गंगापुर मे बहुत चौका देने वाला मामला सामने आया है, जीवित महिला को ग्राम पंचायत में फर्जी ग्राम पंचायत प्रस्ताव सरपंच एवं सचिव के द्वारा बनाकर जमीन को हड़प लिया गया है और शिकायतकर्ता भुइली पति स्वर्गीय जयराम को मृत बताकर उसका जमीन को वहां का सरपंच अपने भाई परमेश्वर पिता मानसा के नाम पर करवा लिया है और इसका एसडीएम कार्यालय सूरजपुर में केस दायर किया गया था जिसमें भुइली पति जयराम का डिग्री हुई है और अनुविभागीय अधिकारी का डिग्री जीत कागज को लटूरी तहसील कार्यालय में जमा किया गया है उसके बाद भी अभी भी जमीन भुइली भाई को नहीं मिल पाया है भू माफियाओं के द्वारा पूर्व में कई प्रकार का मानसिक प्रताड़ित जैसे भुइली को घर से बेघर करना उसके घर में कब्जा करना और गांव से भगा देना इस तरीके का मानसिक प्रताड़ित कई सालों से झेल रही है झेल रही है जिसका शिकायत लेकर के फर्जी करने वालों पर, षडयंत्र पूर्वक जमीन हथियाने वालों, के ऊपर पुलिस अधीक्षक सूरजपुर से एफ आई आर रिपोर्ट दर्ज कर अपराधियों को जेल डालने जैसे लिखित शिकायत दिया गया है,, आवेदन पर उल्लेख किया गया है कि षड्यंत्रकारी इस प्रकार हैं फुलेश्वरी बाई पति महेश्वर महेश्वर पैकरा आत्म मानसाय ग्राम पंचायत जगतपुर का,, पंचायत सचिव 2008 के समय का, पंचायत सचिव जगतपुर का 2011-12 के सचिव ,, एवं , गिरधारी आत्मा स्वर्गीय भागीरथी उमाशंकर आत्मज स्वर्गीय भागीरथी जगतारण आत्मक स्वर्गीय भागीरथी गोनेर आत्मा स्वर्गीय भागीरथी सुमित्रा बेवा भागीरथी जैसे लोगों का नाम स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है अब आगे देखना यह है कि क्या पीड़ित पक्ष को न्याय कब तक मिल पाता है

## करंजी पुलिस ने किया जन चौपाल का आयोजन, क्षेत्र में लोगो को लगातार किया जा रहा जागरूक

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- दतिमा मोड़- लोगो में जागरूकता लाने और अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देश पर करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी के द्वारा लगातार जन चौपाल का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्र के सुदामानगर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर के समीप सहित अन्य ग्राम पंचायतों, बाजार, शासकीय स्कूलों में पुलिस द्वारा जन चौपाल लगाकर लोगों को कानूनी जानकारी दी गई। विशेषकर साइबर अपराध जैसे ऑनलाइन ठगी व धोखाधड़ी से बचने के लिए लोगों को जागरूक किया गया। सोने के जेवरात डबल अथवा सफाई करने के नाम पर की जा रही ठगी की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। पास्को एक्ट के विषय में भी जानकारी दी गई वहीं फेरी वालों से भी सावधान रहने की हिदायतें दी गई। समाज में नशा मुक्त करने नशा मुक्ति पर जोर देते हुए शराब से बचने कई विषयों पर लोगों को बताया गया और अपराध से दूर रहने की कानूनी जानकारी दी गई बाल विवाह, टोनही प्रताड़ना, गुड टच बैड टच, मानव तस्करी जैसे विषयों पर भी ग्रामीणों को बताई गई। उपस्थित महिलाओं को सुरक्षा संबंधी 卐अभिव्यक्ति ऐप卐 की जानकारी देकर गूगल प्ले स्टोर के जरिये 卐अभिव्यक्ति ऐप卐 कैसे इंस्टाल की जाती है उसके बारे में बताया साथ ही घरेलू हिंसा, मारपीट, छेडखानी या अन्य विपत्ति के समय एसओएस बटन के दबाते ही यूजर के लोकेशन पर पुलिस सहायता के लिये पहुंचेगी।महिलाओं-बालिकाओं की सुरक्षा के लिए कारगर इस ऐप के बारे में विस्तार से बताते हुए ऐप डाउनलोड कराया। साइबर अपराध के बारे में बताते हुए बचाव के उपाए बताऐ और यातायात नियमों का पालन करने की समझाईश दी। इस जन चौपाल कार्यक्रम दौरान ग्राम के सरपंच सहित करंजी चौकी प्रभारी संजय गोस्वामी, एएसआई मनोज द्विवेदी आरक्षक राजीव तिवारी, जितेंद्र सिंह, कृष्ण कांत पांडे, मितेश मिश्रा, सतनारायण सिंह, दीपक किस्पोट्टा, सैनिक प्रदीप गुप्ता, प्रवीण मिश्रा सहित गांव के लोग उपस्थित रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस: दिव्यांगजनों ने दिखाई खेल-कूद में अपनी प्रतिभा

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के तहत आज समाज कल्याण विभाग द्वारा आज गुरूकुल खेल मैदान में दिव्यांगजों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें जनपद अध्यक्ष गौरेला सुश्री ममता पैकरा, जनपइ सदस्य श्री गणेश मार्को, श्री रोहित मार्को की उपस्थिति में आज श्रवण बाधित दिव्यांगों द्वारा कुर्सी दौड़, लम्बीकूद, 100 मीटर



दौड, अस्थि बाधित दिव्यांगों द्वारा ट्रायसायकल रेस, दृष्टि बाधित दिव्यागों के द्वारा मटका फोड़ आदि खेल कराया गया। कुल खेल परिसर में आयोजित किया गया है। इस समारोह में दिव्यांगों का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांगजन प्रमाणीकरण, सहायक उपकरण वितरण और दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन राशि वितरण के साथ ही रंगोली प्रतियोगिता, सांस्कृतिक गायन-वादन एवं नृत्य प्रतियोगिताएं होगी। विजेता खिलाड़ियों और कलाकरों को सम्मान एवं पुरूस्कार वितरण किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के लगभग 4 दिसंबर को 155 दिव्यांगजन एवं सहयोगी मुख्यमंत्री श्री भूपेष बघेल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में भाग लेगे।

## कलेक्टर ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार-रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेण्ड्रा मरवाही- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उद्यानिकी फसल लेने वाले किसानों को रबी मौसम आधारित फसल बीमा का अधिक से अधिक लाभ दिलाने प्रचार-रथ को कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज हरी झंडी दिखाकर कलेक्ट्रेट से रवाना किया। प्रचार-रथ के माध्यम से जिले के तीनों विकासखंड के गांवों में किसानों को योजना के बारे में बतायगें, ताकि वे रबी मौसम उगाए जाने वाले अधिसूचित 6 फसलों का बीमा कराकर विपरीत स्थिति में नुकसान होने पर लाभ ले सके। सहायक



संचालक उद्यान श्री निधान कुशवाहा ने बताया कि किसानों को विपरीत मौसम जैसे कम तापमान, अधिक तापमान, बीमारी अनुकूल मौसम, कीट व्याधियों का प्रकोप, कम या अधिक वर्षा, ओलावृष्टि आदि से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा रबी मौसम 2022-23 लागू की गई है।` लिए 15 दिसम्बर तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस योजना के तहत किसानों को अधिसूचित फसल टमाटर, बैंगन, फूलगोभी, पत्तागोभी, प्याज एवं आलू के लिए प्रति हेक्टेयर निर्धारित बीमा राशि का 5 प्रतिशत प्रीमियम ऋणी एवं अऋणी कृषकों को अंश के रूप में को जमा करना होगा। योजना के तहत टमाटर और आलू के लिए प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 1 लाख 20 हजार एवं कृषक का अंश 6 हजार रूपए, बैंगन के लिए प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 77 हजार एवं कृषक का अंश 3 हजार 850 रूपए, फूलगोभी एवं पत्तागोभी के लिए प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 70 हजार एवं कृषक का अंश 3 हजार 500 रूपए और प्याज के लिए प्रति हेक्टेयर बीमांकित राशि 80 हजार एवं कृषक का अंश 4 हजार रूपए निर्धारित है।

## यातायात पुलिस सूरजपुर द्धारा सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटवाया

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- अतिक्रमण के कारण सड़क पर आने-जाने वालों को हो रही परेशानी व लगने वाले जाम की समस्या से लोगों को छुटकारा दिलाने के प्रयास में यातायात पुलिस जुट गई है। पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में शुक्रवार को यातायात प्रभारी बृजकिशोर पाण्डेय अपनी टीम के साथ अभियान चलाकर एनएच-43 सूरजपुर के मेन मार्केट एक्सीस बैंक से लेकर जिला चिकित्सालय तक दोनों किनारे से दुकानदारों के द्वारा फुटपाथ पर किए गए अतिक्रमण को हटवाया गया और दुकानदारों को दुकान के सामान को बाहर ना रखने की सख्त हिदायत दी गई। सड़क पर अव्यवस्थित वाहन खड़ा करने वाले लोगों को चेताया कि सड़क किनारे बने सफेद पट्टी के बाहर वाहन खड़ा किया तो मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्यवाही की जायगी। इस अभियान के दौरान एएसआई ब्यासदेव राय, प्रधान आरक्षक अनिल भगत, आरक्षक राकेश सिंह, अरविन्द एक्का सक्रिय रहे।